# POLICE COMMISSIONERATE
# GAUTAM BUDH NAGAR
## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 03.07.2025

**1.थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चोरी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद।**

**घटना का विवरण--** दिनांक 24.06.2025 को वादी द्वारा अपनी मोटरसाइकिल वादी के घर, जनता फ्लैट, सेक्टर-122 नोएडा से चोरी हो जाने के संबंध में मु0अ0सं0 276/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 03.07.2025** को थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व गोपनीय सूचना की सहायता से उपरोक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए दुपहिया वाहन चोरी करने वाला अभियुक्त अवनीश कुमार धुरिया उर्फ रिशु पुत्र छोटेलाल धुरिया को एफ0एन0जी0 कट सेक्टर-122 नोएडा से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे व एक अवैध देशी तमंचा मय एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

1. अवनीश कुमार धुरिया उर्फ रिशु पुत्र छोटेलाल धुरिया निवासी ग्राम खन्ना रतवा, थाना खन्ना, जिला महोबा वर्तमान पता ग्राम सोरखा, सेक्टर-115, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब-24 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 276/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम थाना सेक्टर-113, नोएडा।

**बरामदगी का विवरण--**

1. चोरी की मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे
2. एक अवैध देशी तमंचा मय एक जिंदा कारतूस .315 बोर

**2.थाना फेस-2 पुलिस द्वारा एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 03.07.2025** को थाना फेस-2 पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 296/2025 धारा 308(5) व 351 बीएनएस व धारा 67 आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्त आजिम उर्फ नाजिम उपरोक्त को बस स्टैण्ड, फेस-2 से **गिरफ्तार** किया गया है।
अभियुक्त द्वारा वादिया को डरा धमकाकर निकाह (शादी) करने व जान से मारने की धमकी देना व वादिया के फोटो व वीड़ियो को सोशल मीडिया पर अपलोड करना।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

1. आजिम उर्फ नाजिम पुत्र मौ0 कलामुद्दीन निवासी ग्राम सिंघा खुर्द थाना सिगांही जनपद लखीमपुर खीरी वर्तमान पता बाल विद्या इन्टर कॉलेज के पास, हल्दोनी थाना ईकोटेक-3, नोएडा गौतमबुद्धनगर उम्र 25 वर्ष।

**अभियोग का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 296/2025 धारा 308(5) व 351 बीएनएस व धारा 67 आईटीएक्ट थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर।